# अमर उजाला



बरेली
सोमवार, 17 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष कृष्ण-द्वादशी
विक्रम संवत-2082


PAGE NO.- 05 : TOP

## जिंदगी में पैसे को नहीं प्यार को दें प्राथमिकता

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार की शाम नाटक 'अलाना' का मंचन हुआ। कलाकारों ने मंचन के जरिये संदेश दिया कि जिंदगी में पैसे को नहीं, प्यार को प्राथमिकता देनी चाहिए।

मुख्य पात्र अलाना लग्जरी लाइफ जीना चाहती है। उसकी जिंदगी में 65 वर्षीय भास्कर नाम का व्यक्ति आता है। पैसों की चाह में वह उससे शादी कर लेती है। इसके बाद प्रेम और भावुकता का संदेश देती कहानी का अंत होता है, जहां पैसों की कोई कीमत नहीं रह जाती।

डॉ. शैलेन्द्र सिंह की कहानी पर आधारित नाटक अलाना का नाट्य रूपांतरण डॉ. प्रभाकर गुप्ता और अश्वनी कुमार ने किया। विनायक कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में इसका मंचन किया गया।

इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. रीता शर्मा सहित शहर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे। संवाद